आकाशवाणी जयपुर-अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक: 25.08.2026 समय: 18.30 पीएम

- सर्वोच्च न्यायालय ने निजी कम्पनियों द्वारा लोगों के ईपीएफओ और आयकर डेटा तक पहुंच पर चिंता जतायी-केन्द्र सरकार को ठोस सुरक्षा उपाय लागू करने के निर्देश दिये।
- देश में यूपीआई प्रणाली के दस साल पूरे-11 देशों ने डिजिटल भुगतान की इस भरोसेमंद सेवा को अपनाया।
- प्रदेश में मॉनसून सीज़न में अब तक 5 ज़िलों में अत्यधिक बरसात-18 ज़िलों में सामान्य और 18 में सामान्य से कम बारिश हुई।
- राज्य में अगले महीने होने वाले नगर निकाय चुनावों के लिए व्यापक जागरुकता अभियान-स्वीप गतिविधियों के माध्यम से लोकतंत्र में भागीदारी निभाने की अपील।

000

सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और आयकर रिटर्न में मौजूद संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा की निजी संस्थाओं तक पहुंच को लेकर चिंता जताई है। शीर्ष अदालत ने केन्द्र सरकार से इसके लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय करने पर विचार करने को कहा है, जिससे सरकारी रिकॉर्ड में उपलब्ध व्यक्तिगत जानकारी का निजी कम्पनियों की ओर से दुरुपयोग नहीं हो सके। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि लोगों द्वारा सरकारी संस्थाओं को उपलब्ध कराई गई व्यक्तिगत जानकारी का गलत इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने सरकार को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने का सुझाव दिया है। पीयूष शर्मा की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने ये सुझाव दिया कि केन्द्र सरकार को विशेषज्ञों की मदद से इस मुद्दे से निपटने के लिए ठोस सुरक्षा उपाय लागू करने चाहिए।

000

देश में यूपीआई प्रणाली शुरू हुए आज दस साल पूरे हो गये हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों से यूपीआई के साथ अपने अनुभव साझा करने को कहा है। श्री मोदी ने लिखा कि यूपीआई प्रणाली के जरिये डिजिटल भुगतान बड़ा निर्णायक फैसला साबित हुआ है। इस दौरान यूपीआई के लेन-देन में लगभग 13 हजार गुना बढ़ोतरी हुई है। डिजिटल भुगतान से लेनदेन तेज और सरल हो गया है। फ्रांस, सिंगापुर, यूएई सहित 11 देशों ने डिजिटल भुगतान की इस भरोसेमंद सेवा को अपनाया है। प्रधानमंत्री ने अपने सार्वजनिक संबोधन में यूपीआई को दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल इंटरफेस बताया।

000

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कृषि शिक्षा के क्षेत्र में ए.आई. को शामिल करने की बात कही है। श्री चैहान आज नई दिल्ली में आई.सी.ए.आर. संस्थानों के कुलपतियों और निदेशकों के सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि शिक्षा कक्षा में नहीं बल्कि खेतों और किसानों के बीच दी जानी चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों से समय की मांग के अनुसार शिक्षण पद्धति में बदलाव करने और ए.आई. आधारित उपकरणों को शामिल करने को कहा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आज दौसा में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में शिक्षा व्यवस्था, टीबी की स्थिति और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। राज्यपाल ने शिक्षा अधिकारियों से विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की उपलब्धता और शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात सहित कई मानकों पर चर्चा की। श्री बागड़े ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे और पढ़ाई नहीं छोड़े, ये सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। राज्यपाल ने दौसा को टीबी मुक्त बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों से रिपोर्ट ली। साथ ही नशा मुक्त दौसा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों के आस-पास नशीले पदार्थों की उपलब्धता पूरी तरह रोकी जानी चाहिए। इसके लिए नशा कारोबारियों के नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

----------------

राज्यपाल श्री बागड़े इसके बाद महवा भी पहुंचे। उन्होंने एक निजी विद्यालय में सीबीएसई कबड्डी गर्ल्स स्टेट क्लस्टर टूर्नामेंट में शिरकत की।

000

इंस्टीट्यूट आफ़ कम्पनी सेक्रेटरीज़ आफ़ इंडिया ने एक्ज़ीक्यूटिव और प्रोफेशनल स्तर की परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। आई.सी.एस.आई. के जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष सुमित कुमार श्योराण ने बताया कि जून महीने में ली गई इस परीक्षा में जयपुर केन्द्र से दो विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि नीम का थाना की खुशी अग्रवाल ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। खुशी ने आकाशवाणी समाचार, जयपुर के साथ बातचीत में अपनी सफलता का श्रेय निरंतर अभ्यास को दिया।

----------------

जयपुर केन्द्र से महिमा मंगल ने देशभर में 16वां स्थान प्राप्त किया। एक्ज़ीक्यूटिव और प्रोफेशनल दोनों परीक्षाओं की वरीयता सूची में पहले तीन स्थानों पर बालिकाएं रही हैं।

000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में झमाझम बारिश का दौर बना हुआ है। अलवर, बारां, भरतपुर, टोंक, कोटा, सवाईमाधोपुर और राजधानी जयपुर में आज हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार हाड़ौती अंचल में मॉनसून की मजबूत झड़ी ने पूरे क्षेत्र को सराबोर कर दिया है। कोटा और आस-पास के इलाकों में बीती रात से शुरू हुआ बारिश का दौर आज भी दिनभर बना रहा। कभी रिमझिम तो कभी तेज़ बारिश हुई। खेती किसानी के लिहाज से किसानों के लिए ये बारिश फायदेमंद मानी जा रही है। वहीं नौनेरा बैराज के दो गेट खोलकर पानी की निकासी भी की जा रही है। झालावाड़ के कालीसिंध और राजगढ़ बांध से भी पानी छोड़ा जा रहा है। राज्य में जलाशयों की स्थिति की बात करें तो, जल संसाधन विभाग के अनुसार छोटे-बड़े 693 में से 43 बांध लबालब हैं। वहीं 445 आंशिक रूप से भरे हैं। प्रदेश में अब तक डीग, भरतपुर और बीकानेर सहित 5 जिलों में अत्यधिक पानी बरसा है। वहीं 18 जिलों में सामान्य और 18 ही जिलों में सामान्य से कम बरसात हुई है। मौसम विभाग ने आज की तरह कल भी 17 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान डीग, सवाईमाधोपुर, झालावाड़, कोटा सहित कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। 27 अगस्त से 2 सितंबर के दौरान पूर्वी राजस्थान में भी बारिश की गतिविधियों में कमी के आसार हैं। हालांकि, कोटा संभाग में 27-28 अगस्त को कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। उधर, पश्चिमी राजस्थान में भी अगले सप्ताह तक मॉनसूनी परिस्थितियां कमजोर रहने की संभावना है।

000

राजधानी जयपुर में मॉनसून के दौरान सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आज से विशेष अभियान की शुरूआत हुई। जयपुर नगर निगम की ओर से स्वच्छ जयपुर-स्वस्थ जयपुर की थीम पर ये अभियान चलाया गया है। निगम आयुक्त ने बताया कि ये अभियान सात सितम्बर तक छह चरणों में चलेगा। इसके तहत शहर के विभिन्न जोन में चरणबद्ध तरीके से साफ-सफाई की जाएगी। इसके बाद एंटी लार्वा गतिविधियां होंगी और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए फोगिंग और स्प्रेइंग करवाई जाएगी।

000

प्रदेश में अगले महीने दो चरणों में होने वाले नगर निकाय चुनावों के लिए मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को गीत, पोस्टरों और रैलियों के जरिये वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर रंगोली मांडना, मानव श्रृंखला और मतदाता शपथ के कार्यक्रम भी रखे जा रहे हैं। राजकीय विद्यालयों और स्वीप गतिविधियों के तहत आज सलूम्बर में बाइक रैली निकाली गई। इसके जरिये लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने और लोकतंत्र में भागीदारी निभाने की जानकारी दी गई। उधर, बालोतरा में छात्राओं ने मतदाता जागरुकता संदेश से सजी राखियां बांधकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक किया।

इस बीच, राज्य निर्वाचन आयोग ने पाली नगर निगम में मतदान की तिथि में बदलाव किया है। यहां 9 तारीख के स्थान पर 11 सितम्बर को वोट डाले जाएंगे। 9 सितम्बर को पर्यूषण महापर्व होने और जिले में जैन धर्मावलंबियों की अधिक संख्या होने के कारण ये फैसला लिया गया है।

000

राजस्थान पुलिस की ओर से राजधानी जयपुर में आज से आर्पॅरेशन सेफर रोड्स की शुरूआत हुई। इसके तहत राहगीरों और वाहन चालकों को गूगल मैप पर वॉइस और पॉपअप मैसेज के जरिये दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के बारे में सूचित किया जाएगा। जयपुर रेंज के आईजी राहुल प्रकाश ने आज प्रेसवार्ता में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर तीन महीने में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की समीक्षा भी की जाएगी।

000

ईद मिलादुन्नबी का पर्व कल मनाया जाएगा। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी में ये दिन मनाया जाता है। उनका जन्म सऊदी अरब के प्रमुख शहर मक्का में हुआ था। ईद मिलादुन्नबी का पर्व अमन, शांति, भाईचारे और मानवता का प्रतीक है। इस दिन को बाराह वफात भी कहा जाता है। इस अवसर पर घरों,  मस्जिदों, बाजारों और प्रतिष्ठानों को सजाया जाता है।

000